नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विश्वविद्यालय में गिरीश कर्नाड को दी श्रद्धांजलि

वर्धा, दि. 12 जून 2019 : विख्यात नाटककार, लेखक, अभिनेता, निर्देशक एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित गिरीश कर्नाड के निधन पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ने भावमीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकारी कुलपति प्रो. मनोज कुमार की



अध्यक्षता में विवि के प्रशासनिक भवन में शोक सभा रखी गयी। अपने शोक संदेश में कार्यकारी कुलसचिव प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने गिरीश कर्नाड के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश ड़ाला। उन्होंने कहा कि उनकी रचनाओं में समाज की वास्तविकता झलकती है। वे जमीन से जुड़े अभिनेता और लेखक थे। उनकी रचनाओं में मिट्टी की सुगंध का अनुभव होता है। इस मौके पर उपस्थितों ने दोन मिनट का मौन रखकर गिरीश कर्नाड के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।